एक नजर में

कलयुगी बेटे ने 70 वर्षीय पिता को घसीट-घसीटकर पीटा

गुना। कैंट थाना क्षेत्र के कमलापुर गांव से रिश्तों को शर्मसार करने वाला एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां एक कलयुगी पुत्र ने अपने ही 70 वर्षीय बुजुर्ग पिता के साथ बेरहमी से मारपीट की। बेटे की इस हैवानियत से बेहाल हुए बुजुर्ग को डायल-112 की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है।

अस्पताल में भर्ती पीड़ित बुजुर्ग चंपालाल जाटव ने अत्यंत दुखी मन से बताया कि उनका बड़ा बेटा थान सिंह, जो खुद तीन बच्चों का पिता है, उसने गुरुवार शाम लगभग 7 बजे घर में घुसकर उनके साथ खींच-खींचकर बर्बरतापूर्वक मारपीट की। पीड़ित के मुताबिक, थान सिंह आए दिन शराब पीकर गालियां देता है और विवाद करता है। बुजुर्ग पिता ने बताया कि उन्होंने अपने इस बड़े बेटे को जमीन, मकान और मवेशी तक दे दिए हैं, इसके बावजूद उसकी प्रताड़ना कम नहीं हो रही है। उनका छोटा बेटा जब बुजुर्ग माता-पिता की देखरेख करता है, तो आरोपी उसके साथ भी मारपीट करता है। मारपीट से बुरी तरह टूटे और गमजदा चंपालाल ने कैंट थाना पुलिस से गुहार लगाई है कि उनके कलयुगी बेटे के खिलाफ कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि उसे बुजुर्ग माता-पिता के साथ सही व्यवहार करने की सीख मिल सके। पुलिस ने बुजुर्ग के बयानों के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

4 गौवंश की मौत के बाद जागा बिजली महकमा!

गौसेवकों का आक्रोश फूटा तो शिफ्ट करने पड़े हाट रोड के खंभे, शहरभर में करेंगे निगरानी

नवभारत न्यूज

गुना 3 जुलाई का। गुना के अलग-अलग इलाकों में करंट से लगने गौवंश की मौत के बढ़ते मामले और गौसेवकों के आक्रोश के बाद आखिकर शुक्रवार को बिजली महकमे की नींद टूट गई। एक तरफ गौसेवकों ने बिजली कंपनी में हल्ला बोल दिया तो दूसरी तरफ आक्रोश भांपते हुए कंपनी ने हाट रोड पर खंभों की शिफ्टिगिं शुरु कर दी। वहीं लोगों का कहना है कि इस तरह के खतरनाक हालात शहरभर में बने हुए हैं, जिससे कंपनी अनजान है। बस दुर्घटनाओं के बाद पनपे आक्रोश को दबाने के लिए तत्परता दिखाई दे रहा है।

दरअसल, में बिजली कंपनी की लापरवाही के कारण करंट लगने से लगातार हो रही गौवंशों की मौत को लेकर हिंदू संगठनों और आमजन में भारी आक्रोश व्याप्त है। बीते महज एक सप्ताह के भीतर गुना के भुल्लनपुरा क्षेत्र में 3 और हाट रोड पर 1 गौवंश की करंट की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो चुकी है। इन घटनाओं से दुखी और आक्रोशित सकल हिंदू समाज के पदाधिकारियों और गौभक्तों ने बड़ी संख्या में बिजली कंपनी के मुख्य कार्यालय पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया और महाप्रबंधक को एक ज्ञापन सौंपा। गौभक्तों ने महाप्रबंधक को दोटूक शब्दों में बताया कि शहर में खुले पड़े बिजली के तारों और खंभों के कारण लगातार बेजुबान जानवर काल के गाल में समा रहे हैं, जिससे धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं। इन हादसों को तुरंत रोका जाए। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए बिजली कंपनी के महाप्रबंधक ने आक्रोशित नागरिकों को आश्वस्त किया है कि शहरभर में लगे सभी बिजली खंभों की सघन चेकिंग कराई जाएगी और संवेदनशील खंभों को पूरी तरह कवर किया जाएगा।

आखिर क्या कर रहा था आपदा प्रबंधन कंटोल रूम

महाप्रबंधक अशोककुमार शर्मा ने बताया कि अब आपदा प्रबंधन कंट्रोल रूम के जरिए भी ऐसे खतरों पर नजर रखी जाएगी। उन्होंने शहरवासियों से अपील की है कि वे भी सजग रहें और ऐसी किसी भी संभावित दुर्घटना की आशंका होने पर तुरंत विभाग को सूचित कर सहयोग करें। हालांकि महाप्रबंधक के इस जवाब से गौसेवक संतुष्ट नजर नहीं आए। उनका कहना था कि जब बिजली महकमा इतना ही सतर्क है तो फिर मेंटीनेंस के दौरान ऐसा क्या गया था कि जर्जर खंभों और संभावित खतरों को पहले ही नहीं हटाया गया। गौसेवकों ने चेतावनी दी कि अगर दोबारा शहर में इस तरह के हालात बनते हैं तो बिजली कंपनी के खिलाफ बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

स्मार्ट मीटर की दहशत बरकरार

एक तरफ कंपनी की लापरवाही शहरभर में सामने आ रही है। गायों की मौत के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में तो जनहानि तक हो चुकी है। वहीं बिजली कंपनी अब स्मार्ट मीटर लगाने के लिए सभी हथकंडे अपना रही है। विकास नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में कंपनी ने अब नोटिस देना शुरु कर दिया है। उपभोक्ताओं को बिजली अधिनियम की धाराओं के तहत धमकी दी जा रही है कि अगर उन्होंने स्मार्ट मीटर नहीं लगवाया तो 24 घंटों के भीतर उनका कनेक्शन काट दिया जाएगा। हैरानी की बात यह है कि कुशमौदा क्षेत्र में ऐसा मामला सामने आया था, जिसमें उपभोक्ता की बिजली पहले काटी गई और उसे नोटिस बाद में थमाया गया। कुल मिलाकर शहर में बिजली कंपनी की नाकामी, लापरवाही और मनमानी को लेकर उपभोक्ताओं के बीच आक्रोश अब चरम पर है।

विश्वविद्यालय की खिड़कियों से अंदर भरा बारिश का पानी, 3 साल पहले बनी बिल्डिंग की खुली पोल

नवभारत न्यूज

गुना। शहर जगनपुर क्षेत्र में स्थित क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय के अस्थाई परिसर में पहली ही तेज बारिश ने निर्माण कार्य की तकनीकी खामियों को उजागर कर दिया है। बिल्डिंग की ऊपरी मंजिल पर लगी खिड़कियों से लगातार बारिश का पानी अंदर भर रहा है, जिससे विश्वविद्यालय का स्टाफ और छात्र बेहद परेशान हैं। कमरों में रखे महत्वपूर्ण दस्तावेज और अन्य मूल्यवान सामग्री को भीगने से बचाने के लिए प्रबंधन को आनन-फानन में खिड़कियों पर तिरपाल डालकर अस्थाई इंतजाम करना पड़ रहा है।

खास बात यह है कि क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय फिलहाल मॉडल साइंस कॉलेज के जिस अस्थाई भवन में संचालित हो रहा है, वह इमारत महज 3 साल पहले ही बनकर तैयार हुई थी। वर्तमान हालातों को देखकर साफ अंदाजा लगाया जा सकता है कि भवन निर्माण के समय तकनीकी पहलुओं को पूरी तरह नजरअंदाज किया गया, जिसके कारण आज यह नौबत आई है। पानी भरने से सबसे बड़ा खतरा वहां रखे जरूरी रिकॉर्ड्स और सरकारी कागजातों के खराब होने का बना हुआ है। गौरतलब है कि इस विश्वविद्यालय के स्थाई परिसर के लिए गुना के सिंगवासा क्षेत्र में जमीन स्वीकृत हो चुकी है, जहां आगामी समय में भव्य निर्माण किया जाना है। मामले को लेकर विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. किशन यादव ने भी माना कि तकनीकी कमी के कारण कुछ परेशानी जरूर हो रही है, इसलिए सुरक्षा के तौर पर फिलहाल तिरपाल का अस्थाई इंतजाम कर दिया गया है ताकि दस्तावेजों को सुरक्षित रखा जा सके।

पत्नी का इलाज कराने आए ग्रामीण का मोबाइल छीनकर भागे बदमाश

नवभारत न्यूज

गुना। शहर कोतवाली थाना क्षेत्र की एकता नगर कॉलोनी में बाइक सवार दो अज्ञात बदमाशों द्वारा एक व्यक्ति के हाथ से मोबाइल छीनकर भागने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले की लिखित शिकायत कोतवाली थाने में दर्ज कराई है।

जानकारी के अनुसार, ग्राम बकसपुर निवासी फरियादी रामप्रसाद जाटव अपनी पत्नी का इलाज कराने के लिए गुना आए हुए थे। गुरुवार शाम लगभग 7 बजे वह अपनी छोटी बच्ची को साथ लेकर बायपास रोड स्थित एकता नगर कॉलोनी में रहने वाले अपने एक रिश्तेदार से मिलने गए थे। इसी दौरान वहां बाइक पर सवार होकर आए दो अज्ञात बदमाशों ने झपट्टा मारकर रामप्रसाद के हाथ से मोबाइल छीन लिया और तेजी से फरार हो गए। पीड़ित के मुताबिक छीने गए मोबाइल की कीमत लगभग 10 हजार रुपये है।

वारदात के बाद पीड़ित रामप्रसाद जाटव ने शुक्रवार को गुना कोतवाली थाने पहुंचकर मामले की शिकायती आवेदन दिया है और पुलिस से मोबाइल चोरों को पकड़ने की गुहार लगाई है। पुलिस आवेदन के आधार पर हुलिए और क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से बाइक सवार बदमाशों की तलाश में जुट गई है।

मोटरसाइकिल से तस्करी कर रहा युवक गिरफ्तार

गुना। अवैध शराब तस्करों के विरुद्ध चलाई जा रही मुहिम के तहत फतेहगढ़ थाना पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए एक मोटरसाइकिल सवार को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध हाथभट्टी की शराब जब्त की है। जानकारी के अनुसार, 2-3 जुलाई 2026 की दरम्यानी रात पुलिस टीम फतेहगढ़-बरसाती रोड पर नाइट पैट्रोलिंग पर थी। इसी दौरान होंडा शाइन मोटरसाइकिल पर प्लास्टिक की दो बड़ी केन लटकाए आ रहे संदिग्ध युवक को रोका गया। पूछताछ में उसने अपना नाम सोनू बंजारा (22 वर्ष), निवासी ग्राम कांसल बताया। केनों की तलाशी लेने पर उनमें कुल 66 लीटर अवैध कच्ची शराब भरी पाई गई।

गुना के 247 सरकारी मंदिरों की जमीनों को हड़पने की बड़ी साजिश

जिला कांग्रेस का सरकार और प्रशासन पर सनसनीखेज आरोप

नवभारत न्यूज

गुना 3 जुलाई का। जिला कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी की सरकार और स्थानीय प्रशासन के खिलाफ चौतरफा मोर्चा खोल दिया है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष जयवर्धन सिंह के निर्देश पर शुक्रवार को आयोजित एक प्रेस वार्ता में कांग्रेस नेताओं ने सरकार पर बड़ा हमला बोलते हुए गुना जिले के सरकारी मंदिरों की कीमती जमीनों को हड़पने की एक गंभीर साजिश का दावा किया है।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष रजनीश शर्मा सहित कई स्थानीय नेताओं ने तीखे प्रहार करते हुए कहा कि भाजपा ने प्रदेश के चार मुख्य स्तंभों—युवाओं का भविष्य, किसानों की कमर, भगवान राम-महाकाल में जनता की आस्था और प्रदेश की जमीनों को पूरी तरह लूट लिया है। प्रेस वार्ता में कांग्रेस नेताओं ने एक बड़ा खुलासा करते हुए बताया कि गुना जिले के 247 सरकारी मंदिरों की कीमती जमीनों को प्रशासनिक नियंत्रण और नीलामी के नाम पर हड़पने की तैयारी की जा रही है। कांग्रेस का आरोप है कि इन 247 सरकारी मंदिरों में से करीब 20 बड़े मंदिरों की 50 बीघा से अधिक की बेशकीमती जमीनों पर प्रशासन और सत्ता पक्ष के लोगों की गिद्ध दृष्टि है, जिसे औने-पौने दामों में ठिकाने लगाने की साजिश रची जा रही है।

कांग्रेस ने सवाल उठाया कि आस्था के इन केंद्रों की जमीनों की नीलामी के नाम पर यह खेल क्यों खेला जा रहा है? पत्रकार वार्ता के दौरान कांग्रेस कमेटी ने देशव्यापी खाद संकट, नीट पेपर लीक मामले में सरकार की चुप्पी, राम मंदिर चंदा मामले में वित्तीय अनियमित्ता का भी मुद्दा उठाया।

पारदियों से संबंध हैं तो सरेंडर कराएं सिंधिया: किसान कांग्रेस

जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष चंद्रजीत सिंह यादव ने गुना सांसद और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को आड़े हाथों लेते हुए उनके हालिया दौरे पर तीखा हमला बोला। यादव ने कहा कि सिंधिया ने खाद के लिए त्रस्त हो रहे किसानों की समस्याओं पर तो कोई बात नहीं की, लेकिन पारदी समुदाय को लेकर एक असंवेदनशील बयान दे डाला। पूरा लोकसभा क्षेत्र पारदी समुदाय की आपराधिक गतिविधियों से परेशान है और सिंधिया कह रहे हैं कि 'इस समुदाय से उनके तीन पीढ़ियों के संबंध हैं'।

चंद्रजीत यादव ने मांग की कि यदि सिंधिया के उनसे ऐसे पारिवारिक संबंध हैं, तो वे उन चिन्हित अपराधियों का पुलिस के सामने आत्मसमर्पण (सरेंडर) कराएं जिनके खिलाफ वारंट जारी हैं, अन्यथा ऐसे बयानों से अपराधियों के हौसले बढ़ेंगे और पुलिस के लिए कानून व्यवस्था संभालना मुश्किल हो जाएगा।

'नगर पंचायत के टैंकर समय पर नहीं मिलते, इसलिए सेवा कर रहा हूं'

आरोन। भीषण गर्मी के इस दौर में नगर पंचायत की जल प्रदाय व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। नगर के वार्ड क्रमांक-1 सहित कई अन्य क्षेत्रों में हालात इतने बदतर हैं कि न तो नलों से पानी आ रहा है और न ही नगर पंचायत के टैंकर समय पर पहुंच पा रहे हैं। स्थिति यह है कि इंसानों के साथ-साथ मवेशियों के लिए बनी पानी की हौदियां भी सूखी पड़ी हैं। पानी के लिए मचे इस हाहाकार के बीच सांसद प्रतिनिधि एवं समाजसेवी राजबीर सिंह रघुवंशी ने खुद मोर्चा संभाल लिया है।

राजबीर सिंह रघुवंशी द्वारा समाज सेवा के उद्देश्य से अपने निजी खर्च पर दोबारा वार्ड क्रमांक-1 में पानी के टैंकरों की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। शुक्रवार की शाम जैसे ही क्षेत्र में टैंकर पहुंचा, पानी भरने के लिए केन और डिब्बे लेकर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इस संबंध में बात करते हुए राजबीर सिंह रघुवंशी ने दोटूक कहा, मैं पूरी तरह समाज सेवा के उद्देश्य से यह टैंकर लगवा रहा हूं। नगर पंचायत के पास समय पर टैंकर उपलब्ध नहीं होते हैं, जिससे जनता परेशान हो रही है।

आम जनता को इस तरह पानी के लिए तरसते और परेशान देखकर मैं चुप नहीं बैठ सकता था। विशेष बात यह है कि सेवा में लगे इस टैंकर पर 'जल ही जीवन है, जल है तो कल है' का संदेश भी अंकित है, जो लोगों को पानी की कीमत का अहसास करा रहा है। स्थानीय रहवासियों ने बताया कि पिछले 3-4 दिनों से नल नहीं आने के कारण वे पानी की बूंद-बूंद को मोहताज थे।

उन्होंने बताया कि राजबीर सिंह द्वारा पहले भी भीषण गर्मी के दौरान इस तरह की जल सेवा की गई थी, जिससे वार्ड वासियों को बड़ी राहत मिली है।

लापता नाबालिग को पुलिस ने खोज निकाला

गुना। जिले के मधुसूदनगढ़ थाना क्षेत्र से लापता हुई एक 14 वर्षीय नाबालिग बालिका को पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए मात्र 48 घंटे के भीतर विदिशा जिले के गंजबासौदा से सुरक्षित दस्तयाब कर लिया है। 1 जुलाई 2026 को बालिका के पिता ने उसके लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी, जिस पर पुलिस ने तत्काल अपहरण का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने मुखबिर तंत्र और तकनीकी संसाधनों की मदद से सघन खोजबीन की।

स्कूल में घुसकर बच्चों के सामने शिक्षक ने शिक्षक को डंडों से पीटा

गुना। जिले के शासकीय प्राथमिक विद्यालय मजरा टांडा में शुक्रवार दोपहर को एक शिक्षक ने स्कूल के भीतर घुसकर बच्चों को पढ़ा रहे दूसरे शिक्षक पर डंडे से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। पीड़ित शिक्षक की शिकायत पर सिटी कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित शिक्षक की ओर से गुना कोतवाली में दर्ज कराई गई शिकायत के मुताबिक म्याना क्षेत्र के शासकीय प्राथमिक विद्यालय मजरा टांडा में शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे 50 वर्षीय शिक्षक अरुण नामदेव बच्चों को कक्षा में पढ़ा रहे थे। इसी दौरान करीब दो किलोमीटर दूर स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय कटाऊ टांडा में पदस्थ और मूलत: अशोकनगर जिले के ग्राम रांवसर निवासी शिक्षक नरेंद्र रघुवंशी शराब के नशे में धुत होकर वहां पहुंच गए और बिना किसी कारण के अपने हाथ में लिए डंडे से अरुण नामदेव पर बेरहमी से मारपीट शुरू कर दी। अचानक हुए इस हमले से स्कूल में चीख-पुकार मच गई। इस हमले के बाद पीड़ित शिक्षक अरुण नामदेव को घायल अवस्था में जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका मेडिकल परीक्षण कराया गया है। घटना से आक्रोशित और डरी हुई पीड़ित की पत्नी अनीता नामदेव ने मीडिया के सामने आकर गंभीर आरोप लगाए हैं। अनीता ने दावा किया कि उनके पति अरुण नामदेव की हाल ही में बायपास सर्जरी हुई है और वे अभी पूरी तरह स्वस्थ भी नहीं हुए थे।

पीड़ित पत्नी ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए दोटूक कहा, अगर मेरे पति के स्वास्थ्य को कुछ भी होता है, तो उसके सीधे और एकमात्र जिम्मेदार हमलावर शिक्षक नरेंद्र रघुवंशी होंगे घटना के बाद पीड़ित शिक्षक अरुण नामदेव की लिखित शिकायत पर गुना सिटी कोतवाली पुलिस ने आरोपी शिक्षक नरेंद्र रघुवंशी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है।

दावों की पोल ▶ कुंभराज के वार्ड-15 का मामला, घनी बस्ती को छोड़ खाली मैदान में बिछा दी सड़क

नेताओं के खाली प्लॉटों पर चमचमाती सड़क, जनता के लिए सिर्फ कीचड़

नवभारत न्यूज

कुंभराज। नगर परिषद कुंभराज के वार्ड क्रमांक 15 से विकास के दावों की पोल खोलती एक ऐसी तस्वीर सामने आई है, जिसने स्थानीय प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। यहाँ की एक मुख्य गली के रहवासी और मासूम बच्चे घुटनों-घुटनों कीचड़ और जलभराव के बीच से गुजरने को मजबूर हैं, जबकि इसी गली के ठीक पीछे स्थित एक वीरान इलाके में चमचमाती सड़क डाल दी गई है। इस अजब-गजब भेदभाव से आक्रोशित रहवासियों ने नगर परिषद पर गंभीर आरोप लगाते हुए मोर्चा खोल दिया है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर परिषद ने आम जनता की जरूरत को पूरी तरह दरकिनार कर दिया है। गली के पीछे वाले हिस्से में दूर-दूर तक सिर्फ खाली प्लॉट पड़े हैं और इक्का-दुक्का ही मकान बने हैं, लेकिन वहाँ की सड़क का निर्माण पहले कर दिया गया।

रहवासियों ने सीधे तौर पर आरोप लगाया है कि पीछे की गली में सत्ताधारी दल के एक रसूखदार नेता के खाली प्लॉट आ रहे हैं, जिन्हें फायदा पहुंचाने और चमकाने के लिए आनन-फानन में सड़क डाल दी गई। इसके विपरीत, जिस गली में पूरी घनी बस्ती है और चारों तरफ मकान बने हुए हैं, उसे भगवान भरोसे कीचड़ में सड़ने के लिए छोड़ दिया गया है।

कीचड़ के कारण आधे रास्ते से लौट रहे मासूम

बरसात शुरू होते ही इस पूरी गली में जलभराव और दलदल जैसी स्थिति बन जाती है। हालात इतने बदतर हैं कि स्कूल जाने वाले छोटे-छोटे बच्चों की यूनिफॉर्म गाड़ियों के पहियों से उछलने वाले कीचड़ से गंदी हो जाती है, जिसके कारण मासूमों को आधे रास्ते से ही रोते हुए घर वापस लौटना पड़ता है। आए दिन यहाँ दुपहिया वाहन चालक फिसलकर चोटिल हो रहे हैं। इसके अलावा, घरों के सामने पानी जमा होने से जहरीले कीड़े-मकोड़े घरों में घुस रहे हैं, जिससे बच्चों और बुजुर्गों की जान पर चौबीसों घंटे खतरा मंडराता रहता है।

सुनवाई न होने से फूटा रहवासियों का गुस्सा

वार्ड वासियों का कहना है कि वे इस नरकीय स्थिति की लिखित और मौखिक शिकायत पिछले कई सालों से लगातार नगर परिषद में कर रहे हैं, लेकिन आज तक उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई है। हर साल मानसून आते ही अधिकारियों के वादे हवा हो जाते हैं। त्रस्त हो चुके रहवासियों ने अब नगरीय प्रशासन और शासन के उच्च अधिकारियों से मांग की है कि नेताओं की परिक्रमा छोड़कर इस घनी बस्ती की सड़क का निर्माण जल्द से जल्द कराया जाए, ताकि लोगों को इस नारकीय जीवन से मुक्ति मिल सके।

गुना मानस भवन में आज सजेगा प्रतिभाओं का मंच

ब्राह्मण समाज का 'प्रतिभा सम्मान समारोह 2026', ऊर्जा मंत्री राकेश होंगे मुख्य अतिथि

नवभारत न्यूज

गुना। शहर के मानस भवन में शनिवार को सनातन सर्व ब्राह्मण समाज, गुना द्वारा एक भव्य 'प्रतिभा सम्मान समारोह 2026' का आयोजन किया जा रहा है। दोपहर 3 बजे से आयोजित होने वाले इस गरिमामयी कार्यक्रम में समाज की उन युवा प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने शिक्षा, खेल, कला, विज्ञान सहित अन्य विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर समाज व जिले का नाम रोशन किया है। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश शासन के नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला उपस्थित रहेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री व पूर्व सांसद अनूप मिश्रा तथा जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर के कुलगुरु डॉ. विनोद आचार्य शिरकत करेंगे। सनातन सर्व ब्राह्मण समाज की युवा प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन करने और उनके मनोबल को बढ़ाने के लिए समाज के वरिष्ठ जनों एवं पदाधिकारियों ने सभी स्वजातीय बंधुओं से परिवार सहित उपस्थित होने का आग्रह किया है। कार्यक्रम को भव्य और सफल बनाने की अपील करने वालों में मुख्य रूप से संयोजक प्रमोद भार्गव सहित आनंद भार्गव, रजनीश शर्मा, पंडित लखन शास्त्री, नरेंद्र भार्गव, आलोक उपाध्याय, राकेश शर्मा, दिनेश शर्मा (चुग्गी पार्षद), अशोक भार्गव (शिक्षक), अनिल भार्गव, घनश्याम भार्गव, राम कुमार चौबे, ब्रजेश शर्मा (भूपमढ़ी), सुनील शर्मा (सोनू महाराज), आकाश भार्गव (युवा अध्यक्ष), मोहनीश भार्गव, आनंद व्यास, जगमोहन शर्मा, अमित महाराज एवं समस्त सनातन सर्व ब्राह्मण समाज गुना शामिल हैं।